तारानगर के एमजेडी कॉलेज में खेल सप्ताह का समापन

तारानगर | राजकीय एमजेडी कॉलेज में खेल सप्ताह का समापन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. सत्यवती बुडानिया ने शुक्रवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया। खेलकूद प्रभारी



शंकरलाल ने बताया कि सप्ताह के अंतिम दिन 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, भाला फेंक, तश्तरी फेंक, गोला फेंक व हैमर फेंक प्रतियोगिता हुई। इस मौके पर हंसराज परिहार, डॉ. वीरेंद्र सिंह मांठ, सरिता, राजेंद्र प्रसाद कस्वा, हरिकृष्ण, छगनदान चारण, अंकिता चौधरी, अनू महला, सुभाष मीणा, नरेंद्र शर्मा, सुभाष सोलंकी, नवीन कुमार, अनिल खत्री, गोपीराम, रविकांत, महेश कुमार आदि मौजूद थे।

जिले में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

पत्रिका स्पोर्ट्स कॉर्नर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

तारानगर

चूरू. 49वीं चूरू जिलास्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को शुरू हुई। जिसमें क्रिकेट मैच का शुभारम्भ जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) निसार अहमद खान ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। सेठानी जोहड़े खेल मैदान पर आयोजित मैच की अंपायरिंग आमिर खान शारीरिक शिक्षक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारिया ने की। मैच के रेफरी रामसिंह सिहाग पुत्री पाठशाला चूरू एवं सुरेंद्र कुमार थे। घनश्याम सारण, संदीप कुमार सुरा, लोकेश कुमार, दिलीप सिंह, आबिद खान,अनुराग, दिलीप सैनी,नरेंद्र कुमार, विकास, अंकित कुमार, रफीक खान आदि खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत मंडल स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। यह प्रतियोगिता 17 दिसंबर को आयोजित होगी।

चूरू

प्रतियोगिताएं आयोजित

तारानगर. कस्बे के मां जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय में खेल विभाग की ओर से आयोजित खेलकूद सप्ताह के 5वें दिन एथलेटिक्स से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सत्यवती बुडानिया ने खेल के शुभारंभ के अवसर पर सभी विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलवाई व खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। खेल कूद प्रभारी शंकरलाल ने बताया कि एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अन्तर्गत छात्र व छात्रा दोनों वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 1500 मीटर, भाला फेंक, तस्तरी फेंक, गोला फेंक व हेमर फेंक आदि प्रतियोगितों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। इस मौके पर महाविद्यालय के हसंराज परिहार, डॉ. वीरेन्द्र सिंह मांठ, सरिता, राजेन्द्र प्रसाद कस्वा, हरि कृष्ण, छगनदान चारण, अंकिता चौधरी, अन्नु महला, सुभाष मीणा, नरेन्द्र शर्मा, सुभाष सोलंकी, नवीन कुमार, अनिल खत्री, गोपीराम, रविकान्त, महेश कुमार सहित महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।